समाचार

उद्यानों में बेहतर व्यवस्था हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने किया निगम के उद्यानों, सुलभ काम्पलेक्सों व जलउपचार संयंत्र का निरीक्षण, बेहतरी हेतु दिये आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 22 नवम्बर 2015 –आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम के सभी उद्यानों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उद्यानों में स्थित वाटरवाडी फाउंटेन व म्यूजिकल फाउंटेन सहित उपलब्ध कराई गई अन्य सुविधाओं व उपकरणों की मरम्मत कर लोगों के मनोरंजन हेतु उपलब्ध कराएं तथा उद्यानों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने आज उद्यानों के निरीक्षण के दौरान दिये। उन्होने निगम के पुष्पलता उद्यान, स्मृति उद्यान, विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) सर्वमंगला उद्यान सहित अन्य उद्यानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उद्यानों में स्थित वाटरवाडी फाउंटेन व म्यूजिकल फाउंटेन आदि की मरम्मत एवं सुधार कार्य कर उन्हें आमजन के मनोरंजन हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने उद्यानों की साफ–सफाई, रखरखाव व मनोरंजन हेतु निगम द्वारा स्थापित किये गये उपकरणों के समुचित संधारण व संचालन के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। आयुक्त श्री अग्रवाल ने सी.एस.ई.बी. कालोनी स्थित गायत्री मंदिर के पीछे बनाए गए एक्यूप्रेशर वाकिंग पाथ का अवलोकन किया तथा पाथ की उपयोगिता को देखते हुए निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर एक्यूप्रेशर वाकिंग पाथ का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके। उन्होने इस संबंध में त्वरित रूप से स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

सर्वमंगला उद्यान के समीप अतिक्रमण को हटवाया– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने पाया कि सर्वमंगला उद्यान के समीप मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण किया जा रहा है, इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होने तुरंत निगम के अतिक्रमण दस्ते को बुलाकर उक्त अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री अग्रवाल ने अतिक्रमण पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारीगण नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें तथा यह सुनिश्चित करे कि कोई नया अतिक्रमण न होने पाये, उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा।

जलउपचार संयंत्र का किया निरीक्षण– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने कोहड़िया स्थित निगम के जलउपचार संयंत्र का निरीक्षण करते हुए वहां पर रॉ–वाटर की शोधन प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा जलउपचार संयंत्र के बेहतर रखरखाव व सुरक्षा आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। कोरबा जल आवर्धन योजना के तहत किये जा रहे नवीन कार्यो का अवलोकन करते हुए आयुक्त श्री अग्रवाल ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्यो में आवश्यक गति लायें तथा कार्यो को शीघ्र पूरा करें ताकि इसका लाभ आमजन तक शीघ्र पहुंचाया जा सकें।

सुलभ काम्पलेक्सों की साफ–सफाई के दिये कड़े निर्देश– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न सुलभ शौचालय काम्पलेक्सों का निरीक्षण किया। सुलभ काम्पलेक्सों की साफ–सफाई में कमी परिलक्षित होने पर उन्होने अपनी नाराजगी जाहिर की तथा कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय काम्पलेक्सों की नियमित रूप से साफ–सफाई सुनिश्चित करें , प्रतिदिन फिनाइल व ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव करें। शौचालय कक्षों के साथ–साथ सुलभ काम्पलेक्स परिसरों के नियमित सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान दें।

भ्रमण के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वारी, सहायक अभियंता अली बख्श, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)